हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 7 मार्च 2025

11 पीजी कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय 68वीं खेलकूद...



12 बसीरपुर के ठाकुरजी मंदिर से चांदी के मुकुट चोरी



# 4.36 करोड़ की लागत से बनेगा महेंद्रगढ़ नगर पालिका का नया भवन

◆ *ऑटो मार्केट के पीछे खाली पड़ी जमीन पर बनाया जाएगा नगर पालिका का नया भवन नगर पालिका ने टेंडर किया जारी*

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

ऑटो मार्केट के पीछे खाली जमीन पर नगर पालिका (नपा) की ओर से नया भवन बनाया जाएगा। नए भवन के लिए नपा टेंडर जारी कर दिया है। 4.36 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला नपा का नया भवन आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा।

■ आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा नया भवन

वर्तमान में नगर पालिका कार्यालय शंकर मार्केट में स्थित है। नगर पालिका कार्यालय शहर के मुख्य बाजार में स्थापित है। ऐसे में बाजार में दुकानों के सामने सामान रखने से अतिक्रमण के चलते अधिकारी, कर्मचारी व जनप्रतिनिधियों को आवागमन में परेशानी बनी रहती है। साथ ही पार्किंग के अभाव वाहन परिसर के अंदर खड़े होने से आमजन के कार्यालय संबंधी कार्य प्रभावित होते है। वहीं नगर पालिका का भवन छोटा होने के कारण कर्मचारियों को परेशानी उठानी पड़ रहीं है। अब नए भवन के बनने से स्टाफ व पार्षदों को बैठने की पर्याप्त व्यवस्था होगी।

साथ ही अतिक्रमण व वाहन पार्किंग की समस्या से निजात भी मिल पाएगी। करीब तीन एकड़ में खाली पड़ी नगरपालिका की जमीन पर पालिका ग्रांउड फ्लोर सहित तीन मंजिला भवन बनाया जाएगा। सरकार की ओर से इसकी पहले ही स्वीकृति भी मिल चुकी थी। करीब 4.36 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला नया भवन आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा।

## वर्ष 1993 में हुआ नगर पालिका भवन का निर्माण

महेंद्रगढ़ नगर पालिका प्रदेश की सबसे पुरानी नगर पालिकाओं में से एक है। इसके भवन का निर्माण वर्ष 1993 में हुआ था। फिलहाल नगर पालिका में 15 वार्ड है। नगर पालिका को 29 साल बाद अपना नया भवन मिलेगा। इसके लिए पालिका प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। वर्ष 1993 में बनी इस इमारत में काफी कमियां आ चुकी हैं। वहीं भवन छोटा होने के कारण कर्मचारियों को भी काफी परेशानी उठानी पड़ रहीं है। नया भवन बनने के बाद आमजन के साथ-साथ नगर पालिका के कर्मचारियों को भी काफी राहत मिलेगी।



### जल्द शुरू कराया जाएगा निर्माण कार्य

नगर पालिका के प्रधान रमेश सैनी का कहना है कि आटो मार्केट के पीछे करीब 4.36 करोड़ रुपये में नगर पालिका का नया भवन बनाया जाना है। इसके लिए नपा ने टेंडर जारी कर दिया है। जल्द की सभी कागजी कार्रवाई पूरी कर नए भवन का निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### सीआरपीएफ के जवान ने की खुदकुशी

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव ताजपुर अंडरपास के नजदीक एक 40 वर्षीय सीआरपीएफ के जवान ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। नारनौल जीआरपी चौकी प्रभारी इंस्पेक्टर कैलाश चंद शर्मा ने बताया कि राजस्थान के खेतड़ी क्षेत्र के गांव मेहाड़ा जाटूवास निवासी 40 वर्षीय उदयवीर जो पिछले काफी दिनों से दिमाग की तौर से परेशान था। उसने ड्यूटी जाने के दौरान ताजपुर के समीप अंडरपास के पास फांसी लगाकर अपने जीवन लीला समाप्त कर ली।

### मोहल्ला कायस्थवाड़ा में जगरण आज

**नारनौल।** प्राचीन श्रीश्याम भक्त मंडल के तत्वावधान में शुक्रवार को श्रीश्याम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन सुभाष भगत के निवास स्थान मोहल्ला कायस्थवाड़ा में होगा। बाबा के सेवक डा. राहुल शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर रंग बिरंगे फूलों से बाबा श्याम का भव्य श्रृंगार सजाया जाएगा। उन्होंने बताया कि आठ मार्च को प्रातः 11 बजे से सुभाष भगत के निवास स्थान से शोभायात्रा निकाली जाएगी।

### महिला दिवस पर कार्यक्रम कल

**नारनौल।** मिड डे मील कुक कम हेल्पर्स की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस आठ मार्च को पुराने लघु सचिवालय में मनाया जाएगा। जिसे सेवानिवृत्त न्यायाधीश राकेश कुमार यादव व स्कीम वर्कर्स नेत्री कृष्णा देवी, मधु देवी सम्बोधित करेगी। मिड डे मील कार्यकर्ता यूनियन की जिला प्रधान सुनीता व जिला कमेटी सदस्य माया, प्रेमलता, बनिता, बीना व किरण ने बताया कि इस अवसर पर संघर्ष व सीख को आत्मसात कर मंथन किया जाएगा।

### स्कूल जाने के लिए घर से निकला छात्र लापता

**कनीना।** कनीना के एक निजी स्कूल में पढ़ने वाला 12वीं कक्षा का विद्यार्थी लापता हो गया। जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लग सका है। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। इस बारे में वार्ड 11 निवासी अनिता देवी ने शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका बेटा यूरो स्कूल कनीना में पढ़ता है। चार मार्च को सुबह वह रोजमर्रा की भांति स्कूल में गया था, जो छुट्टी होने के बाद घर नहीं पहुंचा। पुलिस ने केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### 28 फरवरी की रात्रि एवं एक मार्च की सुबह बरसात के साथ हुई थी ओलावृष्टि

# आंकलन रिपोर्ट के मुताबिक 151 गांवों में रबी फसल खराबे का अनुमान

प्रारंभिक आंकलन रिपोर्ट में सर्वाधिक नारनौल खंड के 62 गांव हैं, जबकि महेंद्रगढ़ के 42 तथा कनीना एवं अटेली खंड के 47 गांवों की रबी फसल खराब हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

गत 28 फरवरी की रात्रि एवं एक मार्च की सुबह बरसात के साथ हुई ओलावृष्टि से जिले में लगभग 151 गांवों की रबी फसलों में खराबा हुआ था। यह जानकारी प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा तैयार की गई प्रारंभिक आंकलन रिपोर्ट से मिली है। इसमें सर्वाधिक नारनौल खंड के 62 गांव हैं, जबकि महेंद्रगढ़ के 42 तथा कनीना एवं अटेली खंड के 47 गांव शामिल हैं। इस नुकसान की भरपाई के लिए जिला प्रशासन ने ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला हुआ है, जिस पर जाकर किसान अपनी बर्बाद फसल का विवरण दर्ज करा सकते हैं। क्षतिपूर्ति पोर्टल के अलावा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमित्त किसानों को भी मुआवजे के लिए ओलावृष्टि के 72 घंटों के अंदर-अंदर अपना विवरण भरना था।

उस विवरण के आधार पर कृषि विभाग, पटवारी एवं एसडीएम कार्यालय की टीमें खेतों में जाकर पीएम बीमा योजना वाले किसानों का सर्वे करेंगी। पीड़ित किसान भी अपने खेत जाकर अधिकारियों का मौका मुआयना करवाएंगे। पुष्टि होने पर नुकसान के अनुपात के अनुसार मुआवजा राशि प्रदान की जाएगी। पीएम फसल बीमा योजना वाले किसानों को खराबे का मुआवजा जहां कंपनी बांटेगी, वहीं क्षतिपूर्ति वाले किसानों को प्रदेश सरकार मुआवजा देगी।

बता दें कि गत शुक्रवार की रात एवं शनिवार की प्रातः समूचे इलाके में ओलावृष्टि के साथ तूफानी बरसात हुई थी, जिससे रबी की प्रमुख फसल सरसों सर्वाधिक प्रभावित हुई थी। अनुमान है कि जिले में लगभग 96 हजार एकड़ सरसों की फसल ओलावृष्टि की चपेट में आई। इसी प्रकार 17 से 18 हजार एकड़ गेहूं तथा 1300-1400 एकड़ फसल चने की प्रभावित हुई। न

कसान का अनुमान 15 से 50 फीसदी तकँ का है। फिलहाल प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में खराबा दर्ज कराने का पीरियड जहां समाप्त हो चुका है, वहीं क्षतिपूर्ति वाले किसान ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसलों के मुआवजे के लिए आवेदन कर सकते हैं।

यह आवेदन मेरी फसल मेरा ब्यौरा यानि एमएफएमबी पोर्टल पर दर्ज कराना होगा। क्षतिपूर्ति पोर्टल पर खराबे का आंकड़ा दर्ज होने उपरांत अधिकारियों का एक दल खेतों में मौके पर जाकर सर्वे करेगा और नुकसान का आंकलन करेगा। उसी आंकलन के आधार पर किसानों को मुआवजा दिया जाएगा।



मंडी अटेली। स्वास्थ्य मंत्री के कार्यालय में पोर्टल खुलवाने के लिए ज्ञापन सौंपते किसान।

### यह कहते हैं अधिकारी

डीआरओ राकेश कुमार ने बताया कि गत दिनों जिले में ओलावृष्टि होने से रबी फसलें खराब हो गई थी। पीड़ति किसानों के लिए मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला गया है। जिन गांवों के किसान ओलावृष्टि से नुकसान होना मानते हैं, वह इस पोर्टल पर अपनी फसल संबंधित जानकारी जल्द से जल्द यानि पोर्टल बंद होने से पहले दर्ज करा दें, ताकि उन्हें हुए नुकसान की भरपाई की जा सके। डीआरओ ने यह भी बताया कि जिन गांवों का पोर्टल नहीं खुला हुआ है और वहां नुकसान हुआ है, उन गांवों के किसान प्रशासन से मिलकर अपना पोर्टल खुलवा सकते हैं।

### अनेक गांवों का क्षतिपूर्ति पोर्टल नहीं खुलने से किसान परेशान

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांवों में 28 फरवरी की रात एवं एक मार्च की सुबह तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि से अटेली क्षेत्र के विभिन्न गांवों में रबी की फसल सरसों, गेहूं, जौ एवं चना समेत सब्जियों को नुकसान हुआ था। उनिंदा गांव के किसानों ने क्षति पोर्टल खुलवाने के लिए गुरुवार को स्वास्थ्य मंत्री कार्यालय जाकर ज्ञापन सौंपा तथा गांव का पोर्टल खुलवाने की मांग की। किसानों ने बताया कि गांव खैराणा, खैराणी, बेवल, दौंगड़ा क्षेत्र, सागरपुर, तिगरा, अटेली शहर व खोड़ आदि गांवों में ओले गिरे थे। बारिश के साथ तेज हवा चलने के कारण खड़ी गेहूं की फसल खराब हो गई थी। स्वास्थ्य मंत्री आरती राव के नाम ज्ञापन देने वाले किसान रतन सिंह, युवा किसान संजय कुमार, नंदलाल, प्रमोद, सत्यदेव, हवासिंह, सुरेश चंद, ओमप्रकाश आदि ने कहा कि प्रदेश सरकार स्पेशल गिरदवारी कराकर सभी फसलों का उचित मुआवजे दे, जिससे किसानों की फसलों के नुकसान की भरपाई हो सके। ओलावृष्टि का एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी उनिंदा सहित कई गांवों का क्षतिपूर्ति पोर्टल नहीं खुला है। हालांकि कृषि अधिकारी खेतों का दौरा कर नुकसान का जायजा ले चुके हैं। उन्होंने अपने निरीक्षण के दौरान नुकसान का आंकलन किया था। पूर्ति पोर्टल नहीं खुलने पर किसानों में रोष बढ़ रहा है।

## नई ट्रेन का संचालन शुरू, महेंद्रगढ़ स्टेशन पर भी होगा ठहराव

■ जोधपुर से गोरखपुर के लिए सप्ताह में दो बार होगा नई ट्रेन का संचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़




महेंद्रगढ़। रेलवे स्टेशन पर खड़ी ट्रेन।

रेलवे विभाग की ओर से जोधपुर से गोरखपुर के लिए नई स्पेशल ट्रेन का संचालन शुरू किया है। इस गाड़ी का महेंद्रगढ़ स्टेशन पर भी ठहराव होगा। दैनिक रेलयात्री महासंघ के अध्यक्ष रामनिवास पाटोदा ने बताया कि यह गाडी छह से 27 तक प्रत्येक वीरवार को गाड़ी संख्या 04829 जोधपुर से गोरखपुर जाएंगी। वहीं चार मार्च से 27 मार्च तक प्रत्येक शुक्रवार को गाड़ी संख्या 04830 गोरखपुर से जोधपुर के लिए चलेगी। इस गाड़ी की आठ ट्रिप होगी। उन्होंने बताया कि यह गाड़ी छह मार्च को शाम को 4.15 बजे जोधपुर से रवाना होकर, 9.35 बजे रतनगढ़, सात मार्च को रात 12.30 बजे लोहारू, 1.07 बजे महेंद्रगढ़, 2.50 बजे रेवाडी, 4.45 बजे दिल्ली, 15.10 बजे लखनऊ से अयोध्या होकर शुक्रवार की सुबह 8.50 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। वहीं शुक्रवार की रात 11.25 बजे गोरखपुर से रवाना होकर वाया अयोध्या, लखनऊ, दिल्ली, रेवाड़ी, शाम को 3.18 बजे महेंद्रगढ़, लोहारू, सादलपुर, चुरु, रतनगढ़, सुजानगढ से होते हुए शाम को जोधपुर पहुंचेगी। रामनिवास पाटोदा ने रेलवे विभाग से इस ट्रेन प्रतिदिन संचालन शुरू करके सतनाली व डहीना स्टेशन पर ठहराव करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि रेलवे के उच्च अधिकारियों की द्वारा दक्षिण हरियाणा की अनदेखी की जा रहीं है।

## खल बिनौला के व्यापारी को पिस्तौल दिखाकर 20 हजार रुपये लूटे

**नारनौल।** राजस्थान के खल बिनौला के व्यापारी को पिस्तौल दिखाकर 20 हजार रुपये लूट लिए। व्यापारी की ओर से पुलिस को दी शिकायत पर सदर थाना में एक व्यक्ति के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में राजस्थान के झुंझुनूं जिला के गांव दलोना निवासी व्यक्ति ने बताया कि बुधवार को वह स्कूटी पर सवार होकर गांव दलोना से गांव रामबास जा रहा था। रामबास गांव में उसने खल बिनौले की दुकान की हुई है। जब वह गांव रामबास में हवासिंह के खेत के पास पहुंचा तो एक बाइक सवार अनजान व्यक्ति ने उसकी स्कूटी को रुकवा लिया। जिसके बाद उसने पूछा कि बिनौले का क्या भाव है। उसने बताया कि 1950 रुपये में बोरी देता हूं, तब उसने एक देशी पिस्टल उसके मुंह में डाल दी तथा 20 हजार रुपये छीनकर भाग गया। शिकायत मिलने पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कर्मियों ने दी चेतावनी, फैसले से कोई वित्तीय नुकसान हुआ तो करेंगे आंदोलन, अदालत का भी विकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

नेशनल हेल्थ मिशन के सर्विस बाय लॉज 2018 के लाभ फ्रीज किए जाने पर एनएचएम तहत कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) ने रोष जताया है। इसी रोष के तहत वीरवार को जिले में कार्यरत सीएचओ ने मांगों को लेकर कार्यवाहक सीएमओ डा. नवीन यादव से मुलाकात की तथा मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिसमें कर्मियों ने चेताया कि इस फैसले से उन्हें कोई वित्तीय नुकसान होता है, तो वे आंदोलन व अदालत का रास्ता लेंगे।

इस अवसर पर डा. प्रीति, डा. पूजा, गिरधारी लाल, कुलदीप शर्मा, कमलजीत, अजय, सुनील, बलवंत, संजय, दीपक आदि ने बताया कि उनकी भर्ती बायलॉज के तहत की गई थी तथा साथ में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों से बॉड भी भरवाया गया था। अब सरकार इनके साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। मिशन निदेशक एनएचएम के सर्विस बाय लॉज 2018 के लाभ 27 जून 2024 के बाद फ्रिज कर दिए गए हैं। जिससे उन्हें वित्तीय नुकसान का डर बना हुआ है। इस पत्र के बाद इंक्रीमेंट भी रोक लिया गया है।



नारनौल। सीएमओ डा. नवीन यादव को ज्ञापन सौंपेते सीएचओ। फोटो : हरिभूमि

### पत्र के बाद इंक्रीमेंट भी रोक लिया

उन्होंने बताया कि इस निर्णय के बाद जिले में कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों यानि सीएचओ में अपने वित्तीय नुकसान का डर बना हुआ है। इस पत्र के बाद उनका जुलाई में लगा हुए इंक्रीमेंट भी रोक लिया गया है। जिससे सीएचओ में काफी रोष है। उन्होंने बताया कि एनएचएम की ओर से 20 मार्च 2022 को जारी विज्ञापन में स्पष्ट किया गया है कि सीएचओ को एनएचएम सर्विस बायलॉज 2018 के अनुसार ग्रेड पे आधारित सभी वित्तीय लाभ मिलते रहेंगे। भविष्य के लाभ को मद्देनजर रखकर ही उन्होंने सीएचओ पद के लिए आवेदन किया था। यह सभी लाभ व शर्तें उनकी श्योरिटी बॉड में भी वर्णित है।

## त्रिपुरा राइफल्स में सेवारत नांगल कालिया के कुलदीप का निधन, सशस्त्र सलामी देकर दी अंतिम विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नांगल चौधरी

त्रिपुरा राइफल्स में सेवारत नांगल कालिया निवासी कुलदीप कुमार की तबियत खराब होने से निधन हो गया। दिवंगत शहीद का पैतृक गांव में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया। इस दौरान पार्थिव शव लेकर आए राइफल्स के जवानों ने परिजनों को ध्वजा सौंपा तथा बच्चों को हर संभव मदद देने का भरोसा दिया है।

नांगल कालिया निवासी सतपाल के पुत्र कुलदीप ने 26 नवंबर 2008 को त्रिपुरा राइफल्स में बतौर वाशरमैन ज्वाइन किया था। करीब 15 साल की सर्विस के दौरान उन्होंने पांच से अधिक चेकपोस्टों पर निष्ठा पूर्वक सेवाएं दी तथा राष्ट्र सुरक्षा में योगदान दिया है। मंगलवार की शाम उन्हें जी घबराने तथा उल्टी आने की समस्या हुई। जवानों ने तत्परता पूर्वक विभागीय अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन पीड़ित का बीपी कंट्रोल नहीं होने पर चिकित्सकों ने हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया।



नांगल चौधरी। शहीद को सलामी देता थाना इंचार्ज देवेंद्र सिंह।




### होलाष्टक की आठ रात्रियों का काफी अधिक महत्व

# आज से लगेंगे होलाष्टक, नहीं होंगे कोई भी शुभ कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

आज से होलाष्टक प्रारंभ हो रहे हैं। फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी से होलाष्टक प्रारंभ हो जाते हैं, जो फाल्गुन माह की पूर्णिमा यानि होलिका दहन तक चलते है। जो 13 मार्च होलिका दहन के बाद होलाष्टक समाप्त हो जाएंगे। होलाष्टक के दौरान शादी-विवाह मुंडन, नामकरण, गृह प्रवेश आदि के शुभ कार्य करना वर्जित है।

होलाष्टक में सभी ग्रह उग्र अवस्था में आ जाते हैं, इससे नकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव बढ़ जाता है। इस कारण शुभ कार्य वर्जित बताए गए है। ज्योतिषाचार्य पंडित राहुल भारद्वाज गढ़ी ने बताया कि होलाष्टक की आठ रात्रियों का काफी अधिक महत्व है। इन आठ रात्रियों में की गई साधनाएं जल्दी सफल होती हैं। इन रातों में तंत्र-मंत्र से जुड़े लोग विशेष साधनाएं करते हैं। ज्योतिष की मान्यता है कि होलाष्टक के आठ दिनों की अलग-अलग तिथियों पर अलग-अलग ग्रह उग्र स्थिति में रहते हैं।

अष्टमी को चंद्र, नवमी को सूर्य, दशमी को शनि, एकादशी को शुक्र, द्वादशी को गुरु, त्रयोदशी को बुध, चतुर्दशी को मंगल, पूर्णिमा को राहु उग्र स्थिति में रहता है। नौ ग्रहों की उग्र स्थिति की वजह से इन दिनों में मांगलिक कार्यों के लिए शुभ मुहूर्त नहीं रहते हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार होलाष्टक का संबंध भक्त प्रह्लाद और हिरण्यकश्यप की कथा से जोड़ा जाता है। हिरण्यकश्यप ने अपने पुत्र प्रह्लाद को भगवान विष्णु की भक्ति करने से रोकने के लिए फाल्गुन शुक्ल अष्टमी से लेकर होली तक आठ दिन अत्यधिक यातनाएं दी। इन आठ दिनों में प्रकृति का वातावरण उग्र हो गया था। इससे ये समय शुभ कार्यों के लिए अशुभ माना जाने लगा।

### 14 मार्च से शुरू हो जाएगा खरमास



भारद्वाज गढ़ी ने बताया कि 14 मार्च को सूर्य कुंभ राशि से मीन राशि में प्रवेश करेगा, जिससे खरमास (मलमास) की शुरुआत होगी। खरमास के दिनों में भी विवाह, मुंडन जैसे मांगलिक कामों के लिए शुभ मुहूर्त नहीं रहते हैं। सूर्य 14 अप्रैल को मेष राशि में प्रवेश करेगा और खरमास समाप्त होगा। होलाष्टक और खरमास की वजह से सात मार्च से 14 अप्रैल तक शुभकार्यों के लिए मुहूर्त नहीं रहेंगे। ज्योतिष की मान्यता है कि मांगलिक कार्यों के लिए किसी भी शुभ कार्य के लिए गुरु का अच्छी स्थिति में होना जरूरी है, अगर ये ग्रह अशुभ स्थिति में होते हैं तो मांगलिक कार्य के लिए मुहूर्त नहीं रहते हैं। खरमास के समय में सूर्य के तेज की वजह से गुरु का बल कमजोर हो जाता है और मांगलिक कार्यों पर विराम लग जाता है।

## खबर संक्षेप




### प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों ने दिया जल संरक्षण का संदेश

**नारनौल।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय धरसूं में विद्यालय इंचार्ज सुनीता बाई की अध्यक्षता में जल संरक्षण व स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर खंड संसाधन संयोजक इंद्रजीत ने कहा कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होते हुए प्रत्येक व्यक्ति को जल संरक्षण के साथ साथ इसकी गुणवत्ता बनाए रखने के लिए स्वच्छता पर ध्यान देना होगा। सभी को अपने पेयजल कनेक्शन नालियों से बाहर रखने चाहिए और

### समस्याओं का त्वरित गति से करना है समाधान : एसडीएम

**नारनौल।** समाधान शिविर की कड़ी में वीरवार को लघु सचिवालय में एसडीएम रमित यादव ने आमजन की शिकायतें सुनी। एसडीएम ने आमजन की शिकायत सुनते हुए कहा कि इन समाधान शिविरों का मकसद जिला के नागरिकों की सार्वजनिक तथा व्यक्तिगत समस्याओं का त्वरित गति से समाधान करना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्य दिवस पर सुबह 10 से 12 बजे तक जिला व

## विद्यार्थी जीवन में एक खेल को अवश्य अपनाएं: डा. संतोष कुमार खटाणा

# पीजी कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय 68वीं खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न

खटाणा ने कहा कि आज का युग खेलों का है और सभी विद्यार्थियों को एक खेल में जरूर हिस्सा लेना चाहिए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

राजकीय महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय 68वीं खेलकूद प्रतियोगिता वीरवार को सम्पन्न हुई। प्रेस प्रवक्ता प्रो. डा. चन्द्र मोहन ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि समाजसेवी डा. संतोष कुमार खटाणा व विशिष्ट अतिथि विजय कुमार खटाणा तथा देवेन्द्र कुमार खटाणा थे। मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों के आगमन पर महाविद्यालय प्राचार्या डा. पूर्ण प्रभा व उपप्राचार्य डा. जगजीत सिंह मोर तथा समस्त स्टाफ सदस्यों ने मुख्य अतिथि का फूल मालाओं से स्वागत किया। समापन समारोह की अध्यक्षता प्राचार्या पूर्ण प्रभा ने की।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि डा. संतोष कुमार खटाणा ने कहा कि आज का युग खेलों का है और सभी विद्यार्थियों को एक खेल में जरूर हिस्सा लेना चाहिए। खेल मनुष्य के तन और मन को स्वस्थ्य रखने में प्रमुख भूमिका निभाते हैं, जो विद्यार्थी खेलों में बढ़ चढ़कर भाग लेता है वह जीवन में सफलता की सीढ़ी चढ़ता जाता है और हमेशा नए आयामों को स्थापित करता है। वर्तमान सरकार भी खेलों को बढ़ावा दे रही है।



**नारनौल।** विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### अनुष्का व ईश्वर रहे बेस्ट खिलाड़ी

सभी खेलों में लड़कियों में छात्रा अनुष्का, लड़कों में ईश्वर को बेस्ट एथैलेटिक्स का खिताब दिया गया। सीनियर प्रोफेसर व उपप्राचार्य डा. जगजीत सिंह मोर ने मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों का धन्यवाद किया। इस मौके पर डा. नरेश यादव, डा. महेंद्र मुदगिल, डा. मुकेश यादव, डा. हवासिंह, डा. अनीस, डा. योगेश, डा. पलक, डा. जयपाल सिंह, डा. भारत भूषण, डा. भूपेंद्र सिंह, डा. प्रियंका शर्मा, डा. कांता, डा. धीरज, डा. ध्वनित, डा. सोमवीर, डा. गीता, डा. पूनम, डा. पूनम राव, डा. सुनिता, डा. नीतू, डा. सरिता, डा. वैनिका, डा. सुमन, डा. मनोज, ड. वृहम, डा. हुड्डा आदि मौजूद थे।

### खिलाड़ियों को रिफ्रेशमेंट दिया

डा. संतोष कुमार खटाणा ने कहा कि जिले में किसी भी खिलाड़ी को किसी भी खेल उपकरण या खेल किट की कमियां नहीं रहने दी जाएगी। खेल प्रभारी प्रो. डा. संजय तंवर ने पूरे वर्ष की खेल गतिविधियों की रिपोर्ट पढ़ी गई। उन्होंने बताया कि पूरे वर्ष में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने तीरंदाजी, कबड्डी, एथलीट, खो खो, योगा, वॉलीबॉल, शतरंज, क्रिकेट में इंटर विश्वविद्यालय, विश्वविद्यालय तथा राज्य स्तर पर कांस्य, रजत व स्वर्ण पदक जीते हैं। खेलकूद प्रतियोगिता में मंच संचालन डा. सुभाष चन्द्र, डा. सत्य, डा. जयपाल, डा. विजेंद्र सिंह ने किया। महाविद्यालय कुलसचिव डा. सत्यपाल सालोदिया ने खिलाड़ियों को रिफ्रेशमेंट वितरण की। खेल प्रभारी डा. संजय तंवर, डा. कपिल देव, डीपीई डा. हंसराज गुर्जर, डीपीई मुकेश कुमार वर्मा ने खेलों को बड़ी बखूबी से खिलवाया। मुख्य अतिथि डा. संतोष कुमार खटाणा ने विजेता खिलाड़ियों को ट्रेक सूट व खेल किट देकर सम्मानित किया। अंत में मुख्य अतिथि व प्राचार्य ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले विद्यार्थियों को पारितोषिक व प्रमाण पत्र से नवाजा।

## पितामह कान्हसिंह कॉलेज में आयोजित एनएसएस शिविर सम्पन्न



**कनीना।** पितामह कान्ह सिंह राजकीय महाविद्यालय की ओर से आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन ग्राम कपूरी स्थित बाबा मनसा दास मंदिर में संपन्न हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डा. विनोद कुमार मुख्य अतिथि थे। विशिष्ट अतिथि बाबा मनसा दास मंदिर के महंत राम भजन दास थे। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की वंदना व दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों, भजनों व प्रेरणादायक वचनों के माध्यम से समस्त उपस्थितजनों को प्रेरित किया। नेहा व विकास के देशभक्ति गीतों ने समा बांध दिया। वहीं वर्षा, नेहा, साक्षी, मनजीता ने अपने विचारों से विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया।




**मंडी अटेली।** बेस्ट वॉलिंटियर्स नेहा यादव को सम्मानित करते मुख्य अतिथि डॉ. शिवताज सिंह। फोटो : हरिभूमि

## सिहमा कॉलेज में चल रहा सात दिवसीय एनएसएस शिविर संपन्न

- एनएसएस देश के प्रति एक संवेदनशील जिम्मेदारी : डॉ. शिवताज सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

राजकीय महाविद्यालय सिहमा में चल रहे सात दिवस एनएसएस शिविर का वीरवार को समापन हो गया। शिविर के समापन पर मुख्य अतिथि लेखक एवं रिटायर्ड प्राचार्य डा. शिवताज सिंह रहे, जबकि अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डा. सुनील कुमार द्वारा की गई।

इस मौके पर मुख्य अतिथि लेखक एवं रिटायर्ड प्राचार्य डा. शिवताज सिंह ने बताया कि एनएसएस देश के प्रति एक संवेदनशील जिम्मेदारी है। एनएसएस समाजसेवा का उत्कृष्ट साधन है, जिसके माध्यम से विद्यालय, महाविद्यालय स्तर पर विद्यार्थियो में राष्ट्र के प्रति सेवा भावना का विकास होता है, जिसके द्वारा व्यक्ति समाज के वंचित एवं उपेक्षित सभी वर्गों से जुड़कर उनकी पीड़ा एवं वेदना को बांटकर सुख-दुःख में उनका सहयोगी बन सकता है। समाज में प्रत्येक व्यक्ति की अपनी भूमिका होती है। छात्र जीवन वह भी एनएसएस और एनसीसी से जुड़े विद्यार्थियों की समाज के प्रति जिम्मेदारी और जवाबदेही ज्यादा रहती है। इसलिए इस प्रकार के शिविर अनुशासन में जीना और अपने कर्तव्यों का बोध कराते हैं।

### समाज सेवा के लिए किया प्रेरित

पर्यावरणीय मुद्दे, सड़क सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, जल संरक्षण, मतदाता जागरूकता, स्टार्ट-अप्स एवं विकसित भारत जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर ज्ञानवर्धक सत्र आयोजित किए गए। अंत में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार ने विद्यार्थियों की मेहनत की सराहना की और उन्हें समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर योगदान देने के लिए प्रेरित किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अंकित कुमार ने शिविर की सफलता के लिए सभी विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों को धन्यवाद दिया। इस शिविर ने विद्यार्थियों को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने और सक्रिय नागरिक बनने की प्रेरणा दी।

## विद्या भारती स्कूल में प्रश्नोत्तरी स्पर्धा

- प्रतियोगिताओं से बच्चों में बढ़ती निर्णय लेने की क्षमता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

विद्या भारती पब्लिक स्कूल निजामपुर में गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियागिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ संस्था के चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार यादव व वाइस चेयरपर्सन डा. उषा यादव ने किया। यह प्रतियोगिता दो वर्गों में आयोजित की गई।

जूनियर वर्ग कक्षा दो से पांचवीं में मंगल पांडे हाउस की टीम यश पुत्र उदमीराम, लव्या पुत्री दीपक, लक्षी पुत्री जितेन्द्र, हिमांशी पुत्री संदीप विजेता रही। सीनियर वर्ग कक्षा छह से आठवीं में राधाकृष्णन हाउस की टीम भास्कर पुत्र प्रवीण कुमार, विक्रान्त पुत्र रविन्द्र, विपिन पुत्र सुरेन्द्र, प्रगति पुत्री शुभराम विजेता रही। संस्था की वाइस चेयरपर्सन डा. उषा यादव ने बताया कि विद्या भारती पब्लिक स्कूल में पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों के मनोरंजन का भी पूरा ख्याल रखा जाता है। विद्यालय के प्राचार्य विनोद कुमार ने बच्चों का उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से बच्चों में प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पाठ्यक्रम का ज्ञान होता है व उनमें निर्णय लेने की क्षमता में भी वृद्धि होती है।

प्रतियोगिता के अंत में विद्यालय चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार यादव ने सभी बच्चों व विद्यालय स्टाफ का धन्यवाद किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक निदेशक एडवोकेट पीयूष यादव, निदेशक डा. रविन्द्रा यादव, किड्स ब्लॉक इंचार्ज विजय सोनी आदि मौजूद थे।




**नारनौल।** प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## यदुवंशी शिक्षा निकेतन की छात्रा ने सीए फाउंडेशन में पाई सफलता

**महेंद्रगढ़।** यदुवंशी शिक्षा निकेतन की छात्रा आशा पुत्री पूर्णमल ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित सीए फाउंडेशन की परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया हैं। इस परीक्षा को इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स आफ इंडिया (आईसीएआई) द्वारा आयोजित किया जाता है। छात्रा ने बताया कि वास्तव में विद्यालय में विद्यार्थियों को शिक्षा का आधार प्रदान किया जाता है, जिसमें सफलता मिलनी अनिवार्य है। प्राचार्य पवन कुमार ने कहा कि बढ़ती अर्थव्यवस्था ही देश की तरक्की तय करती है। आज कॉमर्स संकाय के विद्यार्थियों की महता सर्वोपरि है। देश व विदेश की प्रत्येक कंपनी श्रेष्ठ आडिटिंग के माध्यम से ही आगे बढ़ती हैं, जिस कार्य को सीए बखूबी निभाते है। यदुवंशी ग्रुप चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने छात्रा को, कर्मठ प्राध्यापकों एवं अभिभावकों को बधाई दी तथा कहा कि सभी सफलता प्राप्त विद्यार्थी सीए बनकर पूरी ईमानदारी से देश की उन्नति में अपना योगदान निभाएंगे। चार्टेड अकाउंटेंट एक प्रतिष्ठित पद है। वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव, वाइस चेयरपर्सन संगीता यादव, ग्रुप निदेशक विजय सिंह यादव, फाउंडर डायरेक्टर राजेंद्र सिंह ने सफलता प्राप्त विद्यार्थी को बधाई दी।



## पानी की बोतल व कोल्ड ड्रिंक का फोन पर ऑर्डर मंगवाकर संचालक को पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

श्री श्याम बाबा के सेवा शिविर में पानी व कोल्ड ड्रिंक की बोटल का ऑर्डर देकर टैंपो चालक व संचालक को वीरवार सुजापुर के पास बुलाकर पीटने का मामला सामने आया है। सूचना पाकर अटेली पुलिस व डायल 112 मौके पर पहुंच कर अग्रिम कार्रवाई की। पानी की बोतल व कोल्ड ड्रिंक संचालक को ट्रामा सेंटर रेवाड़ी अस्पताल में उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। पीड़ित हुड़िया निवासी अनिल कुमार ने बताया कि काठूवास कंटेनरर डिपो के समीप उसने कोल्ड, ड्रिंक, बोतल आदि का गोदाम है। उसने बताया कि दोपहर दो बजे की करीब उसके पास एक फोन आया कि एक घंटे में गांव सुजापुर के पास एक श्याम शिविर लगा हुआ है, वहां पर 40 पेट्टी लेकर गांव पहुंचों।पैसे दे दिए जाएंगे। उसने बताया कि वह स्वयं चार बजे के करीब जो लोकेशन दी थी, वहां पर पहुंच गया। नारनौल-रेवाड़ी मार्ग पर सुजापुर फ्लाईओवर के समीप चार गाड़ी वालों ने उसे रुकवा लिया। उन गाड़ियों में 15 से अधिक युवक बैठे हुए थे। उन युवकों ने टैंपो को लोहे की रॉड से आगे के शीशे को तोड़ दिए तथा उस पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से चोटिल कर दिया। उसने बताया कि 40 पेटियों की पानी का ऑर्डर गांव सुजापुर में श्याम बाबा के शिविर आवश्यकता है। फोन जिस नंबर से फोन से आया है, वह स्विच ऑफ आ रहा है। रोड पर चलने वाले गंभीर चोट आने के कारण उसको छुडवाया। सूचना पाकर 112 भी मौके पर पहुंची। हमला करने वाले युवक माजरा गांव के है। टैंपो चालक ने बताया कि वो लोग जाते-जाते यह कह कर जान से मारने की धमकी देकर गए है।



## 500 छात्राओं को एचपीवी वैक्सीन दी



- सर्वाइकल कैंसर से बचने के लिए पश्चिम बंगाल के शिवपुर में कार्यक्रम का आयोजन
- 2000 लड़कियों को वैक्सीन देने का फैसला

**महेंद्रगढ़।** गांव खरकड़ा स्थित ज्ञानकोश-ए ग्लोबल स्कूल के संस्थापक और कोलकाता स्थित औद्योगिक घरानें में से एक आरटीएन भगवान दास अग्रवाल द्वारा अपनी स्व. पत्नी उर्मिला देवी की स्मृति में सर्वाइकल कैंसर से बचने के लिए पश्चिम बंगाल के शिवपुर में एक कार्यक्रम के दौरान 500 छात्राओं को एचपीवी वैक्सीन दी है। कार्यक्रम में रोटरी क्लब आफ बेलूड़, रोटरी क्लब आफ सिंगापुर हाटलैंड और अंडर मेडिकल केयर पार्टनर नारायणा हेल्थ की ओर से 2000 लड़कियों को यह वैक्सीन देने का फैसला लिया गया है। जिसकी शुरुआत भवानी बालिका विद्यालय के छात्राओं से हुई। रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर आरटीएन डॉ. कृष्णेंद गुप्ता, पीजीडी रवि सहगल, संयोजक आरटीएन विष्णु ढांढानिया, संयुक्त संयोजक आरटीएन गणमान्य तरुणपाल, क्लब अध्यक्ष आरटीएन आनंद अग्रवाल, परियोजना प्रबंधक आलोक पूर्णा आदि मौजूद थे।

### डीसी-एसपी ने निवाज नगर में किया रात्रि ठहराव कार्यक्रम

**नारनौल।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह के निर्देशानुसार जिला प्रशासन महेंद्रगढ़ ने वीरवार को नारनौल खंड के गांव निवाज नगर में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया। उपायुक्त डॉ विवेक भारती तथा पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने अधिकारियों के साथ ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। इस मौके पर ग्रामीणों ने अधिकारियों के सामने सार्वजनिक व व्यक्तिगत समस्याएं रखीं। सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की सांस्कृतिक टीम ने रागनियों के जरिए सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों की जानकारी दी। विभिन्न विभागों ने अपने-अपने स्टॉल लगाकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा सेवाओं से नागरिकों को लाभान्वित किया।

### बीआर ज्ञानदीप विद्यालय में बैलेंस एक्टिविटी आयोजित



**महेंद्रगढ़।** बीआर ज्ञानदीप विद्यालय सुरजनवास में प्राइमरी विंग के विद्यार्थियों के लिए संतुलन गतिविधि का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को सामाजिक संतुलन को बनाए रखना तथा अपने जीवन में सभी कार्य को व्यवस्थित रूप से करना और पाठ को रोचक एवं व्यवहारिक रूप से समझाना था। विद्यालय की प्राइमरी हेड सीमा शर्मा ने बताया कि इस गतिविधि के तहत बच्चों को अभिनय के माध्यम से अपनी प्रस्तुति देने का अवसर मिला। प्रतियोगिता में सानिध्य ने प्रथम स्थान, पलक ने द्वितीय एवं लैविश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उपप्राचार्य कृष्ण यादव ने प्रार्थना सभा के दौरान विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। विद्यालय प्रशासन ने इस प्रकार की गतिविधियों को बच्चों की शिक्षा को प्रभावी, रोचक और व्यावहारिक बनाने के लिए आवश्यक बताया।

### ओउम इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक खेल उत्सव आरंभ

**नारनौल।** ओउम इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक क्रीडोत्सव की शुरुआत धूमधाम से हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वाइस चेयरमैन नगर परिषद संजय यादव व विशेष अथिति पार्षद सिकंदर थे। संस्था चेयरमैन दुष्यंत कुमार, वाइस चेयरमैन राजकुमार यादव, सचिव जयवीर यादव एडवोकेट, सहसचिव नरेन्द्र बोहरा व प्राचार्य विकास चौधरी आदि ने कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके की। स्कूल प्राचार्य विकास चौधरी ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को विद्यालय की खेल के क्षेत्र में प्राप्त उपलब्धियों से अवगत करवाया। सरस्वती वंदना के बाद चारों हाउस ने मार्चपास्ट कर मुख्य अतिथि व अन्य अतिथिगणों को सलामी दी।

## इंस्पायर अवॉर्ड योजना में राव नेतराम स्कूल के तीन विद्यार्थियों का चयन

**नारनौल।** भारत सरकार की ओर से आयोजित इंस्पायर अवॉर्ड परीक्षा के घोषित परिणाम में राव नेतराम पब्लिक स्कूल सलीमपुर के तीन विद्यार्थियों का चयन हुआ है। विद्यालय संचालक सुभाष चन्द्र ने विद्यार्थियों, अध्यापकों व अभिभावकों को बधाई देते हुए बताया कि यह परीक्षा प्रत्येक वर्ष सरकार की ओर से करवाई जाती है। जिसमें हरियाणा के विभिन्न जिलों से विद्यार्थी भाग लेते है। इस परीक्षा परिणाम में राव नेतराम पब्लिक स्कूल के कक्षा नौवीं के लक्ष्य पुत्र कृष्ण गांव बिहाली, राधिका पुत्र पंकज अटेली मण्डी व अपेक्षा पुत्री रोहित फतनी का चयन हुआ है। चयनित होने वाले विद्यार्थियों का हरियाणा सरकार की ओर से कैश अवार्ड 10 हजार रुपये प्रत्येक विद्यार्थी को मिलेगा।



**नारनौल।** राव नेतराम स्कूल के विद्यार्थी।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं श्रीमती बिमला पत्नी हरी सिंह वासी छिलरो तहसील नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करती हूं कि मेरे पुत्र हितेंद्र के आर्मी रिकार्ड सर्विस नंबर 3208632एम में मेरा नाम बिमला देवी दर्ज है जबकि मेरा सही नाम बिमला है। इसलिए मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में नियमानुसार बिमला दर्ज किया जाए।

### गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक में प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित

**नारनौल।** बीकेएन गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक में फाइनल ईयर मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स तथा इंस्ट्रूमेंटेशन एंड कंट्रोल के विद्यार्थियों की नौकरी के लिए प्लेसमेंट ड्राइव चलाया गया। सबसे पहले आइसन कंपनी की तरफ से एचआर मैनेजर सोमवीर ने कंपनी के बारे में पूरा विवरण दिया और पैकेज के बारे में बताया। उन्होंने कंपनी की सभी पॉलिसीज के बारे में विद्यार्थियों को विस्तार से बताया। इसके बाद यजाकी कंपनी के एचआर मैनेजर सूरज ने कंपनी की सभी पॉलिसीज के बारे में विस्तार से बताया। बाद में विद्यार्थियों के सभी डाक्यूमेंट्स को चेक किया गया तथा विद्यार्थियों का इंटरव्यू लिया। दोनों कंपनी के मेंबर्स ने विद्यार्थियों को बताया कि उनका रिजल्ट कंपनी की पॉलिसी के अनुसार जल्द ही जारी कर दिया जाएगा।

## 2023-2024 के दो वर्ष की वर्दी की राशि का भुगतान होली त्योहार से पहले करने की मांग

# स्कीम वर्कर्स ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

केन्द्रीय श्रमिक संगठन एआईयूटीयूसी से जुड़ी यूनियनों ने वीरवार को एसडीएम रमित यादव को ज्ञापन सौंपा। जिसमें मिड डे मील कार्यकर्ता यूनियन, ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन, ग्रामीण चौकीदार संगठन, ग्राम पंचायत ट्यूबवेल ऑपरेटर आदि यूनियन शामिल थी।

एआईयूटीयूसी जिला प्रधान मास्टर सुबेसिंह की अगुवाई में मामूली मानदेय पर काम करने वाले ग्रामीण सफाई कर्मचारी, ग्रामीण चौकीदार, ग्राम पंचायत ट्यूबवेल ऑपरेटर का फरवरी माह भुगतान, मिड डे मील कुक कम हेल्पर्स का माह जनवरी, फरवरी व केन्द्र सरकार से दी जानी वाली राशि एक हजार प्रति माह, जो पिछले चार महिनों से बकाया है तथा 2023-2024 के दो वर्ष की वर्दी की राशि का भुगतान को होली त योहार से पहले करने की मांग को लेकर एसडीएम रमित यादव को ज्ञापन सौंपा।





**नारनौल।** लघु सचिवालय में प्रदर्शन करती स्कीम वर्कर। फोटो : हरिभूमि

### समय पर नहीं मिलता मानदेय

ज्ञापन में कहा कि ग्रामीण सफाई कर्मचारी, ग्रामीण चौकीदार व ग्राम पंचायत ट्यूबवेल ऑपरेटर गांवों में बेहद महत्वपूर्ण व आवश्यक कामों में लगे हैं। इसी तरह मिड डे मील कुक कम हेल्पर्स प्राथमिक व माध्यमिक स्कूलों में नौनिहालों को ममतामई भावना से खाना बनाकर दोपहर में खाना खिलाकर बच्चों को कुपोषण से बचाने का काम करती है, लेकिन मामूली मानदेय पर काम करने वाले कर्मियों को कभी भी समय पर मानदेय नहीं मिलता, दो-तीन महिने बाद सुनवाई के लिए प्रशासन से गुहार लगानी पड़ती है। जब जाकर मानदेय भुगतान की कार्रवाई की जाती हैद्ध ऐसे सभी कर्मियों का मानदेय भुगतान हर महीने की पहली तारीख को किया जाना सुनिश्चित किया जाए। इस पर एसडीएम ने जीएम मिड डे मील मौलिक शिक्षा निदेशालय शिक्षा विभाग पंचकूला के अधिकारी से बजट सम्बंधी लम्बी वार्ता की तथा सतनाली ब्लॉक सहित सभी ब्लॉक में होली त्योहार से पहले इन सभी कर्मियों का मानदेय भुगतान करने का आश्वासन यूनियन प्रतिनिधि मंडल को दिया। ज्ञापन में कहा कि अटेली ब्लॉक के खैरानी गांव के ग्राम पंचायत ट्यूबवेल ऑपरेटर अजय कुमार का ड्यूटी के दौरान 20 जुलाई 2024 को निधन हो गया था। जिसके स्थान पर मृतक की आश्रित उनकी पत्नी ज्योति देवी को, जो ग्राम पंचायत खैरानी के प्रस्ताव पर जल कर्मी के रूप में काम कर रही है। जिसने जल कर्मी के रूप में नियुक्ति हेतु निवेदन किया है। जिसकी आगामी कार्रवाई जिला परिषद कार्यालय डीआरडीए से किए जाने हेतु अवगत कराया।

12वीं पुण्यतिथि



श्री मुकट बिहारी संघी
04-08-1945 से 07-03-2013
दृढ संकल्प और पूर्ण ध्यान केन्द्रित कर, एक सच्चा कर्मयोगी कर्म के सही रास्ते पर चलता है....गीता
हम नमन करते हैं आपके प्रेरणा दायक जीवन को आपकी अपराजेय हिम्मत और कर्म में अटूट विश्वास को।
आपके दिखाए सन्मार्ग पर हम सदैव रहें, बस यही कामना है।
श्री शिव कुमार संघी एडवोकेट भाई, केशव संघी एडवोकेट, दीपक संघी एडवोकेट पुत्र गोपाल कृष्ण संघी नंबरदार एवं समस्त काबिल संघी परिवार

## खबर संक्षेप



### मोहल्ला संघीवाड़ा में दिखा आवारा सांडों का खौफ

**नारनौल।** शहर के गली-मोहल्लों में आवारा सांडों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। मोहल्ला संघीवाडा में नौ चौक की हवेली के पास हाल ही में एक वृद्ध महिला को दो लड़ते हुए सांडों ने पैरों के नीचे कुचल डाला था, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हुई थी। आज एकबार फिर से इसी स्थान पर एक दर्जन से ज्यादा सांड लड़ते हुए देखा गए। इतनी भारी तादाद में एकसाथ लड़ते हुए सांडों को देखकर मोहल्लावासी दहशत में आ गए। सभी ने भगवान का शुक्रिया अदा किया कि इन आवारा सांडों का कोई शिकार बनने से बच गया।

### नांगल काठा में मेला एवं प्रसाद कल

**नारनौल।** गांव नांगलकाठा में आठ मार्च को भव्य मेले का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए महंत चरणाईंनाथ ने बताया कि हर साल फाल्गुन मास की शुक्ल पक्ष नवमी को यह मेला आयोजित किया जाता है। इस बार 8 मार्च को नवमी आ रही है। उस दिन प्रातः 11:15 बजे प्रसाद वितरण शुरू होगा, जबकि रात्रि को सवा नौ बजे से पूरी रात सत्संग किया जाएगा, जिसमें गोहाना की समुद्र दास की टीम भाग लेगी।

### नशीले पदार्थ समेत तीन आरोपी गिरफ्तार

**मंडी अटेली।** अटेली पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर तीन युवकों को नशीले पदार्थ सहित गिरफ्तार किया है। इनके खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस टीम को सूचना मिली की गांव बेगपुर में एक कुएं की कोटड़ी पर तीन लोग खड़े होकर नशीले पदार्थ बेचने की फिराक में है। पुलिस टीम ने जब छापा मारी की तो वहां गांव तिगरा निवासी राहुल उर्फ टेलर, अजय कुमार व प्रदीप खड़े हुए थे। डयूटी मैजिस्ट्रेट ईटीओ विक्रांत यादव की मौजूदगी में जब तलाशी ली गई तो दो ग्राम 64 मिलीग्राम हैरोईन, स्मैक सिल्वर फॉयल नशीला पदार्थ बरामद किया गया।

# इंस्पायर अवॉर्ड योजना में जिले के 59 विद्यार्थियों के आइडिया चयनित, प्रदेश में चौथा स्थान

**प्रदेश में हिसार जिला प्रथम गुरुग्राम दूसरे, फतेहाबाद तीसरे व महेंद्रगढ़ चौथे स्थान पर रहा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

इंस्पायर अवॉर्ड योजना के तहत सत्र 2024-25 में प्रदेश के 814 विद्यार्थियों के आइडिया चयनित किए हुए हैं। गौरतलब है कि इनमें राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों की संख्या 565 है, जो तारीफ के काबिल है। निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों की संख्या 249 हैं। सरकार की ओर से इन अवार्ड पाने वाले विद्यार्थियों को 10 हजार रुपये की अवार्ड राशि मिलेगी। प्रदेश में चयनित विद्यार्थियों में सभी 22 जिलों में महेंद्रगढ़ जिला चौथे स्थान पर रहा है।

**विद्यार्थियों को अपने-अपने आइडिया पर काम करने के लिए मिलेंगे 10-10 हजार रुपये**

### विजेता को जापान तक जाने का मिलता है मौका

जिला विज्ञान विशेषज्ञ रविन्द्र कुमार ने बताया कि वर्ष 2009-10 में भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने इंस्पायर अवार्ड योजना की शुरुआत की थी। इंस्पायर अवार्ड मानक स्कूली विद्यार्थियों में सृजनशीलता और रचनात्मक सोच की संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ-साथ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के माध्यम से सामाजिक जरुरतों को पूरा करने की दिशा में एक पहल है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य देशभर से कक्षा छह से 10वीं तक 10 से 15 साल उम्र के सरकारी व निजी स्कूलों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करके विज्ञान के प्रति आकर्षित करना है। इसमें ऑनलाइन अपने इनोवेटिव आइडिया भेजने होते हैं और स्कूलों से सीधा यह ऑनलाइन चलता है। इसमें विद्यार्थी अपने आइडिया या विचार, बदलाव, गजट व तकनीक से जुड़े प्रोजेक्ट के बारे में विचार सांझा करते है। इन प्रोजेक्ट पर निवेश करने के लिए अवार्ड मिलता है। भारत सरकार के डिपार्टमेंट ऑफ साइंस एंड टेक्नालाजी स्कीम में फंड जारी करता है। इससे विद्यार्थी अपनी राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान बना सकता है। विजेता को जापान तक जाने का मौका मिलता है। राष्ट्रीय स्तर पर चयनित प्रतिभागियों के माडल को आइआइटी व एनटीए जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के तकनीकी प्रतियोगिता में दिखाया जाता है।



डीईओ संतोष कुमार

### महेंद्रगढ़ जिले के 59 विद्यार्थियों में सरकारी स्कूल से 45, निजी स्कूल से 14 ने जीते अवार्ड

इंस्पायर अवार्ड पाने वालों में सरकारी स्कूल के 45 विद्यार्थी रहे। राजकीय विद्यालयों में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय महेंद्रगढ़, कनीना, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जड़वा, बलाना, बनिहारी, बेरी, बेवल, दोचाना, डुलाना, हुडिना, खातोदडा, कोथल कलां, नांगल माला, नांगल सिरोही, निवाजनगर, नियामतपुर, पाली व पाथेड़ा, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुजरवास, राजकीय उच्च विद्यालय डोहर कलां, खैरोली, खासपुर, खेड़ी, नांगल काठा व निम्बी, राजकीय माध्यमिक विद्यालय बवाना, ढाणी नांगला, ढाणी रावता, धरसू, झगडोली, खेड़ा, कोथल खुर्द, मेहरमपुर, मित्रपुरा, नियाज अलीपुरए व तलोट के विद्यार्थी चयनित हुए है। निजी विद्यालयों के 14 विद्यार्थियों में एसडी स्कूल ककराला, राव नेतराम पब्लिक स्कूल सलीमपुर, यूरेका पब्लिक स्कूल नारनौल, कोयल स्कूल खटोटी कलां, आरआर ग्रीन मैक्स स्कूल खेड़ी तलवाना, आरआरसीएम पब्लिक स्कूल कनीना, बीआर ज्ञानदीप स्कूल सुरजनवास, भारती पब्लिक स्कूल व सीएल पब्लिक स्कूल नारनौल के विद्यार्थी चयनित हुए है।

### जिला शिक्षा अधिकारी ने दी बधाई

जिला शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि महेद्रगढ़ जिले के 59 विद्यार्थियों का चयन इंस्पायर अवार्ड प्रदर्शनी प्रतियोगिता के लिए होना गौरव की बात है। उन्होंने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी और उम्मीद जताई कि आगे भी जिले का प्रतिनिधित्व बेहतर रहेगा।

**चोरी होने के चार दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली**

# बसीरपुर के ठाकुरजी मंदिर से चांदी के मुकुट चोरी, ग्रामीणों में भारी रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

गांव बसीरपुर में ठाकुरजी के मंदिर से दो चांदी के मुकुट चोरी हो गए, जिस कारण श्रद्धालु ग्रामीणों में रोष पनपा हुआ है। कमाल की बात है कि चोरी की घटना हुए चार दिन बीत चुके हैं, लेकिन पुलिस अब तक खाली हाथ है।

- ग्रामीणों ने जिला प्रशासन के साथ-साथ पुलिस प्रशासन से भी आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की

गौर हो कि बसीरपुर के ग्रामीणों की आस्था इस मंदिर से जुड़ी है। इसी मंदिर में चोर रोज पहले मूर्तियों के चांदी के मुकुट अज्ञात चोरों ने चुरा लिए थे। जिसकी सूचना निजामपुर पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौका मुआयना भी किया, लेकिन उसके बाद से कार्रवाई आगे नहीं बढ़ पाई। चोरी होने के चार दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। थाना प्रभारी ने मंदिर से दो चांदी के मुकुट चोरी मामले में डंप उठाने की बात कही है।

मुकुट चोरी मामले में मंदिर के पुजारी के बेटे के द्वारा पुलिस को लिखित शिकायत भी दी गई थी। बावजूद अभी पुलिस किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच पाई है। जैसे-जैसे समय बीत रहा है ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन के साथ पुलिस प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि जल्द से जल्द अज्ञात चोरों को पकड़ते हुए ठाकुर जी के मंदिर से चोरी हुए दोनों मुकुट बरामदी करवाई करवाने की मांग की है। साथ ही चोरों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की भी ग्रामीण मांग कर रहे हैं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। इस संबंध में निजामपुर थाना प्रभारी गोविंद ने बताया कि बसीरपुर गांव में ठाकुर जी के मंदिर से दो चांदी के मुकुट चोरी को लेकर पुलिस जानकारी जुटाने में लगी हुई है। इस मामले में कुछ डंप उठाए गए हैं तथा सुराग लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं।



नारनौल। बिना चांदी के मुकुट के स्थापित मूर्तियां।

### चार घटनाओं के न चोर पकड़े, न माल बरामद

यहां बता दें कि बीते वर्ष 2024 में अलग–अलग जगहों पर अज्ञात चोरों द्वारा चार घटनाओं को अंजाम दिया गया, जिसमें निजामपुर थाने के अधीन मार्च महीने में गांव दनचौली के ठाकुर जी के मंदिर में रखे दानपात्र को तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा करीब 15 सौ रुपये की नगदी पर हाथ साफ किया गया। इसी प्रकार गत चार अप्रैल को पवेरा गांव में एक किसान के खेत से अज्ञात चोरों द्वारा सरसों चोरी कर ली गई थी। जून महीने में नापला गांव के शिव मंदिर से अज्ञात चोरों द्वारा मंदिर में रखा दानपात्र तोड़कर उसमें रखे पैसे चुरा ले गए थे। इसके बाद अज्ञात चोरों द्वारा अक्टूबर माह में निजामपुर कस्बा में चार अलग अलग दुकानों के ताले चटकाए गए थे। इन सभी घटनाओं को लेकर स्थानीय पुलिस किसी भी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच पाई है। घटनाओं को लेकर क्षेत्र के लोगों में भय का माहौल है तो वहीं रोष भी है।

# दो दिवसीय होगा होली महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

रजत जयंती के उपलक्ष्य में दक्षिणी हरियाणा सांस्कृतिक मंच का 25वां वार्षिक होली महोत्सव कार्यक्रम इस बार दो दिवसीय होगा। 11 मार्च को जहां सायं 3 बजे पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस से इंडस्ट्रीयल एरिया निजामपुर तक रंगयात्रा का आयोजन किया जाएगा, वहीं सायं सात बजे से रात्रि 10 बजे तक गांव पटीकरा के ठाकुर जी मंदिर में लोकनाट्य कला पर आधारित सांग प्रस्तुत किया जाएगा। सांस्कृतिक मंच के अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध हरियाणवी फिल्म झणकदार कंगना के निर्माता–निर्देशक मास्टर संतलाल यादव ने बताया कि इस मंच के बैनर तले पिछले 25 सालों से निरंतर होली महोत्सव मनाते आ रहे हैं, जिसमें इलाके के ग्रामीण परिवेश में पले–बढ़े हरियाणवी कलाकार भाग लेते हैं।



नारनौल। पत्रकारों से होली महोत्सव मनाने की जानकारी साझा करते मंच के अध्यक्ष मा. संतलाल व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### रंगयात्रा का होगा आयोजन

उन्होंने बताया कि 25 साल के उपलक्ष्य में इस बार रंगयात्रा का आयोजन प्रमुख रूप से किया जा रहा है। उन्होंने 12 मार्च को होने वाले कार्यक्रमों का विवरण देते हुए बताया कि दोपहर 12:15 बजे इंडस्ट्रीयल एरिया में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रारंभ होंगे ओर सायं 5 बजे तक चलेंगे। इस होली महोत्सव में मुख्य अतिथि नारनौल के विधायक एवं पूर्व मंत्री ओमप्रकाश यादव होंगे, जबकि अध्यक्षता जिला प्रमुख डा. राकेश कुमार करेंगे।

## भूमि खरीद के लिए 51 हजार रुपये की राशि का सौंपा चेक



महेंद्रगढ़। 51 हजार रुपये की राशि का चेक सौंपते हरीश शर्मा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

खुडाना बसई निवासी हरीश शर्मा ने जिला गौड़ ब्राह्मण सभा नारनौल के नए भूमि खरीद भवन निर्माण में 51 हजार रुपये की धनराशि दान स्वरूप दी हैं।

गौड़ ब्राह्मण सभा प्रधान राकेश महता अधिवक्ता ने बताया कि सभा ने अपना खुद का भवन निर्माण के लिए भूखंड खरीदा है, जिसमें सभा भवन बनाने के लिए भी विप्र बंधु दान-दाताओं द्वारा राशि दी जा रही है। उन्होंने गौड़ ब्राह्मण सभा में राशि दिए जाने पर हरीश शर्मा का भी आभार प्रकट किया।

## किसानों पर लाठीचार्ज करने पर जताया विरोध

**नारनौल।** ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के जिला अध्यक्ष कामरेड बलबीर सिंह ने पंजाब पुलिस द्वारा किसानों पर की गई वहां की पुलिसिया जबरदस्ती का कड़ा विरोध किया है। पंजाब के किसान अपने जायज मांगों को लेकर लंबे समय से आंदोलनरत हैं। इसी आंदोलन को दबाने के लिए पंजाब सरकार व पंजाब पुलिस की किसानों पर दमन कर रही है, जो निंदनीय है। हमारा संगठन ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन इन दमनकारी गतिविधियों का कड़ा विरोध करता है और पंजाब सरकार से मांग करते हैं कि वह किसानों की मांगों को स्वीकार करें।

## शहर के अंदरूनी हिस्से में अतिक्रमण पर प्रहार





नारनौल। अवैध खोखे से सामान निकालते नप कर्मी व अवैध खोखे को हटाने के बाद की स्थिति। फोटो : हरिभूमि

- आमजन दे सकता है नप में आस पड़ोस में होने वाले अतिक्रमण की शिकायत

**नारनौल।** जब से एडीसी डॉ. आनंद शर्मा ने डीएमसी का चार्ज संभाला है, शहर की दुर्दशा से बादल हटने लगे है। सौंदर्यकरण में बाधा बनने वाले अतिक्रमण पर लगातार प्रहार हो रहा है। मुख्य रास्तों से अतिक्रमण हटाए जाने की सिलसिला अभी थमा भी नहीं है, वीरवार को शहर के अंदरूनी हिस्सों में लोगों द्वारा किए गए अतिक्रमण पर नगर परिषद प्रशासन का पीला पंजा चलाया गया। नीरपुर, खड़खड़ी, दूसरान, संघीवाड़ा व कोरियावास रोड पर अतिक्रमण को हटाया गया। अभी यह पहला दिन था। जैसे जैसे लोगों की इस तरह की शिकायत नगर परिषद के पास पहुंच रही है, अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया भी शुरू हो रही है। ऐसे में शहर में आस पास कहीं कोई सरकारी जमीन या सड़क पर अतिक्रमण कर रहा है तो उसकी शिकायत नगर परिषद में दी जा सकती है।

नगर परिषद की ओर से शहर में अतिक्रमण हटाने के इस अभियान का ड्यूटी इंचार्ज एक्सईएन सुंदर श्योराण को नियुक्त किया था। इस टीम में नगर परिषद के ईओ दीपक गोयल, जेई विकास शर्मा व विशाल सहित अन्य कर्मी शामिल रहे। यह टीम नीरपुर पहुंची। यहां एक व्यक्ति ने आम रास्ते पर खोखा रखा हुआ था। नगर परिषद की ओर से उसे 25 अक्टूबर 2024 को हरियाणा नगर पालिका अधिनियम 1973 की धारा 181 के तहत अवैध अतिक्रमण हटाने बारे नोटिस भी दिया गया था।



नारनौल। संघीवाड़ा में घरों के बाहर सड़क पर बने रैंप को भी तोड़ा।

### नोटिस दिए

मोहल्ला खड़खड़ी में शिकायत के आधार पर सरकारी आम रास्ते पर अवैध अतिक्रमण को हटाने टीम पहुंची। इन दो अतिक्रमणकारियों को भी पहले नोटिस दिए जा चुके थे। इसके बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाने पर यहां टीम पहुंची थी। वहीं मोहल्ला दूसरान में पांच लोगों पर अतिक्रमण करने की शिकायत थी। इन लोगों को अगस्त 2024 को नोटिस दिया हुआ था। यहां से अतिक्रमण हटाया गया। फिर टीम मोहल्ला संघीवाड़ा पहुंची।

### न्यायिक परिसर कनीना में राष्ट्रीय लोक अदालत कल

**कनीना।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र सूरा के निर्देशानुसार मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शैलजा गुप्ता के मार्गदर्शन में आठ मार्च को न्यायिक परिसर कनीना में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। कनीना बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित प्रधान एडवोकेट मंजीत यादव ने बताया कि लोक अदालत में दोनों पक्षों की सहमति से केस का निपटारा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में वैवाहिक विवाद, अपराधिक मामले जो की मिश्रित हों, भूमि अधिग्रहण मामले, बैंक रिकवरी मामले, पेंशन मामले, एमवी तथा एनआई एक्ट सहित उपभोक्ता शिकायत मामले, बिजली मामले, टेलीफोन बिल विवाद, अन्य दीवानी मामले जैसे विभाजन, कब्जे के मामले से संबंधित, किराया संबंधी मामले रखे जाएंगे।

## आरपीएस कॉलेज में सखी उत्सव कार्यक्रम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

आरपीएस डिग्री कॉलेज बलाना में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस को ध्यान में रखते हुए कॉलेज में वूमन सेल क्लब के सौजन्य से दो दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जिसमें मुख्यातिथि संस्था चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव व डॉ. हीना यादव मेडिकल आफिसर केंद्रीय विश्वविद्यालय जाटपाली, विशिष्ट अतिथि कॉलेज डॉयरेक्टर डॉ. महेश यादव व रजिस्ट्रार डॉ. देवेन्द्र यादव, विशेष अतिथि कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. देवेंद्र कादयान व डीन डॉ. हेमंत कुमार रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज वूमन सेल को अध्यक्षा डॉ. स्मिता यादव रही। इस कार्यक्रम में सभी महिला शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद रहे। डीन डॉ. हेमंत कुमार ने बताया कि अंतराष्ट्रीय महिला दिवस को ध्यान रखते हुए कॉलेज में दो दिवसीय अंतराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन शुरू हुआ। जिसमें महिला जागरुकता संबंधित विभिन्न कार्यक्रम आयोजन किए। इस कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण पर आधारित नाटक विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सरोजनी नायडू, कल्पना चावला, महामहिम द्रौपदी मूर्मु, सुधा मूर्ति, निवेश फोगाट, रानी लक्ष्मी बाई पर अपने अपने वक्तव्य प्रस्तुत किए। विशेष व्याख्यान के लिए आमंत्रित डॉ. हीना यादव ने महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान सावधानियां व स्वास्थ्य के प्रति जागरुक रहने के लिए विशेष सावधान रहने के लिए कहा।



महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में मौजूद चेयरपर्सन पवित्रा राव व महिला शिक्षिक।

*ये रहे मौजूद:* डॉयरेक्टर डॉ. महेश यादव ने बताया कि भारतीय संस्कृति में महिलाओं के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस कार्यक्रम में डॉ. ज्योति यादव, डॉ. कविता चौहान, पूजा कुमारी, अनामिका, गजल शर्मा, अनुराधा, ईशा, परिधि, नीरु मौजूद रहकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## हरिकिशन गौड़ को डॉक्टर की उपाधि से किया सम्मानित

**नारनौल।** इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी का 38वा दीक्षांत समारोह जयपुर में संपन्न हुआ। इस दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि महामहिम राज्यपाल हरी भाऊ किशन राव बागडे रहे। वहीं इंदिरा गांधी ओपन यूनिवर्सिटी की रीजनल डायरेक्टर डॉक्टर ममता भाटिया ने अध्यक्षता की। इस दौरान नारनौल वासी डॉक्टर हरिकिशन गौड़ ने डाइटिशियन में डॉक्टर की उपाधि ग्रहण करवाई। दीक्षांत समारोह में महामहिम राज्यपाल ने दूरस्थ शिक्षा की महता के बारे में उपस्थित सभी छात्रों को विस्तार पूर्वक बताया एवं उन्होंने बताया कि बौद्धिक चिंतन से ही समाज के विकास और उनकी उन्नति संभव है। रीजनल डायरेक्टर ने बताया कि आज के इस वर्तमान युग में इंदिरा गांधी ओपन यूनिवर्सिटी से लाखों छात्र शिक्षा ग्रहण करके समाज का उत्थान और व्यवसायिक शिक्षा प्राप्त करके रोजगार के अवसर प्राप्त कर रहे हैं। इस दीक्षांत समारोह में नारनौल से डॉ. विक्रम भी मौजूद रहे।





नारनौल। जयपुर में हरिकिशन गौड़ को डॉक्टर की उपाधि से सम्मानित करते राज्यपाल।

**हकेंवि संकाय सदस्य डॉ. नीलम को मिला एएनआरएफ-डीएसटी से 56.44 लाख रुपये का अनुदान**

# सर्वाइकल कैंसर का पता लगाने के लिए बायोसेंसर पर शोध करेगा हकेंवि

**शोध कार्य महिलाओं की स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों से निपटने में मददगार होगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा महिलाओं में हो रहे सर्वाइकल कैंसर के लिए प्रमुख रूप से जिम्मेदार ह्यूमन पैपिलोमा वायरस का पता लगाने के लिए अल्ट्रासेंसिटिव इलेक्ट्रोकेमिकल बायोसेंसर पर शोध होगा।

इस कार्य के लिए विश्वविद्यालय के जैव रसायन विज्ञान विभाग की सहायक आचार्य डॉ. नीलम को भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (एएनआरएफ) से 56.44 लाख रुपये का अनुदान प्राप्त हुआ है। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने डॉ. नीलम को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि अवश्य ही यह शोध कार्य महिलाओं की स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों से निपटने में मददगार होगा।



महेंद्रगढ़। हकेंवि संकाय सदस्य डॉ. नीलम विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के साथ। फोटो : हरिभूमि

### सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाला चौथा प्रमुख कैंसर

विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस बात पर जोर देते हुए कि यह शोध न केवल सर्वाइकल कैंसर से निपटने में मदद करेगा, बल्कि भविष्य के नवाचारों के लिए एक मंच के रूप में काम करेगा, जो किफायती और सुलभ समाधान में और विकास को प्रोत्साहित करेगा। डॉ. नीलम ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर से होने वाली जान की हानि की रोकथाम के लिए इसकी समय पर पहचान करना बेहद आवश्यक है। इस दिशा में इस अनुसंधान और नवीन स्क्रीनिंग टूल में निवेश इस घातक बीमारी के खिलाफ लड़ाई में आशा प्रदान करता है, जिससे संभावित रूप से हर साल हजारों लोगों की जान बचाई जा सकती है। डॉ. नीलम ने बताया कि सर्विकल कैंसर महिलाओं में होने वाला चौथा प्रमुख कैंसर है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों पर नजर डाले तो वर्ष 2022 में लगभग 6,60,000 कैंसर के नए मामले सामने आए और 3,50,000 मृत्यु कैंसर के कारण हुईं। इस कैंसर का प्राथमिक कारक ह्यूमन पैपिलोमा वायरस से ग्रस्त होना है। अवश्य इस शोध के माध्यम से राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इस रोग की समय पर पहचान सुनिश्चित कर उपचार का मार्ग प्रशस्त होगा।

### डॉ. नीलम को बधाई दी

विश्वविद्यालय कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार, शोध अधिष्ठाता प्रो. पवन कुमार शर्मा, स्कूल आफ इंटरडिसिप्लिनरी एंड एप्लाइड साइंसेज (एसआईएएस) के डीन प्रो. दिनेश कुमार गुप्ता, शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. संजीव कुमार, प्रो. नीलम सिंह सांगवान, प्रो. सुरेंद्र सिंह और जैव विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अंतरेश कुमार सहित विश्वविद्यालय के अन्य संकाय सदस्यों ने इस परियोजना के लिए डॉ. नीलम को बधाई दी।